RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 21 अप्रैल 2025 | वर्ष 06 | अंक 369 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक


**ब्रिटेन में नौकरी दिलाने के नाम पर 17.9 लाख रुपये ठगने का मामला दर्ज**




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## जालना : धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में शामिल 25 श्रद्धालु घायल, 13 की हालत गंभीर



**जालना :** महाराष्ट्र के जालना में रविवार दोपहर एक हादसा हो गया। यहां एक धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में शामिल होने पहुंचे लोगों पर मंडप गिर पड़ा। इस घटना में 25 श्रद्धालु घायल हो गए हैं, जिसमें से 13 की हालत काफी गंभीर है। इन 13 गंभीर रूप से घायल लोगों का जालना जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि शेष 12 लोगों को ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### बड़ी संख्या में पहुंचे थे श्रद्धालु

बताया जा रहा है कि यह हादसा वजीरखेड़ा गांव में हुआ, जहां दोपहर 1 बजे संतोष महाराज अधवने द्वारा आयोजित शिव महापुराण प्रवचन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए थे।

इस दौरान वहां तेज हवाएं चल रही थीं। इन हवाओं के कारण लोहे की छड़ों की मदद से बनाया गया अस्थायी मंडप ढह गया। इसकी चपेट में नीचे बैठे श्रद्धालु आ गए और चोटिल हो गए। आनन-फानन में मंडप को फिर से खड़ा किया गया और घायलो को अस्पताल पहुंचाया गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य गणेश फुके ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजे जाने और मंडप को फिर से खड़ा किए जाने के बाद भी आयोजन जारी रहा।

## मुंबई : 89,000 करोड़ रुपये के बिलों का भुगतान नहीं ठेकेदारों ने बीजेपी नीत महायुति सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए

# बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया

**मुंबई : महाराष्ट्र सरकार द्वारा बिलों के भुगतान नहीं करने को लेकर अब ठेकेदारों का सब्र जवाब दे चुका है। राज्य के ठेकेदारों ने बीजेपी नीत महायुति सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। उनका आरोप है कि राज्य सरकार ने विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए किए गए कार्यों के 89,000 करोड़ रुपये के बिलों का भुगतान नहीं किया है। महाराष्ट्र स्टेट कॉन्ट्रैक्टर्स असोसिएशन और स्टेट इंजीनियर्स असोसिएशन ने शुक्रवार को ठाणे में एक बैठक की, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मुंबई, नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर स्थित बॉम्बे हाईकोर्ट की बेंचों में याचिकाएं दायर की जाएंगी।**





कॉन्ट्रैक्टर्स असोसिएशन के राज्य प्रमुख मिलिंद भोसले ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मार्च में सिर्फ 4,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जो कुल बकाया का महज 5 प्रतिशत है। इतने कम रकम में काम करना संभव नहीं है, और अगर भुगतान नहीं हुआ तो राज्यभर के ठेकेदार काम बंद कर देंगे, जिससे विकास कार्य ठप हो जाएंगे। भोसले ने आगे बताया कि पिछले साल से ही सरकार से बकाया भुगतान की मांग की जा रही है। इसी साल फरवरी में उन्होंने राज्य के शीर्ष नेताओं को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो सभी चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को रोका जाएगा। जुलाई 2024 से अब तक विभिन्न विभागों से बकाया राशि नहीं मिली है।

### किस विभाग से कितना बकाया?

ठेकेदारों के अनुसार 89,000 करोड़ रुपये के इस बकाया में से 46,000 करोड़ रुपये सार्वजनिक निर्माण विभाग से, 18,000 करोड़ रुपये जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग (जल जीवन मिशन) से, 8,600 करोड़ रुपये ग्रामीण विकास विभाग से, 19,700 करोड़ रुपये सिंचाई विभाग से और 1,700 करोड़ रुपये उद्धउद्ध, विधायक निधि और सांसद निधि के तहत किए गए कार्यों से संबंधित हैं।

मिलिंद भोसले ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री समेत कोई भी मंत्री इस विषय पर चर्चा करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''सभी विभागों से केवल 4,000 करोड़ रुपये ही जारी किए गए हैं। सरकार के पास पैसा नहीं है और हमने कई बार मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मुलाकात की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है।''

## मुंबई : उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों से महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल; बीजेपी नेता नितेश राणे ने तंज कसा



**मुंबई :** उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों से महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल आ गया है. इस बीच महाराष्ट्र के मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे ने तंज कसा है. उन्होंने सवाल पूछा कि क्या शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के उस बयान पर प्रतिक्रिया देने से पहले पत्नी रश्मि ठाकरे से सलाह ली थी, जिससे दोनों चचेरे भाइयों के बीच सुलह की अटकलें तेज हो गई हैं. नितेश राणे ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा, ''आपको उद्धव ठाकरे से पूछना चाहिए कि क्या उन्होंने मनसे के साथ हाथ मिलाने से पहले रश्मि ठाकरे की अनुमति ली है. ऐसे फैसलों में उनकी राय अधिक मायने रखती है.'' मंत्री ने आरोप लगाया कि यह रश्मि ठाकरे ने ही राज ठाकरे को शिवसेना से बाहर निकालने में मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि उस समय दोनों चचेरे भाइयों के बीच कोई बड़ा मतभेद नहीं था.

शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के एक साथ आने की संभावना पर राणे ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने जोरदार जीत हासिल की है. उन्होंने कहा, ''इसलिए हम उनके बीच किसी गठबंधन को लेकर चिंतित नहीं हैं.''

### राज ठाकरे ने उद्धव से हाथ मिलाने का दिया था संकेत

पिछले कुछ दिन में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने संभावित सुलह की अटकलों को हवा दी है. ऐसे बयान दिए हैं जिनसे संकेत मिलता है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज करके महाराष्ट्र और मराठी मानुष के हित में हाथ मिला सकते हैं. राज ठाकरे ने फिल्म निमार्ता महेश मांजरेकर को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें अविभाजित शिवसेना में उद्धव के साथ काम करने में कोई समस्या नहीं थी. इस बयान के बाद दोनों के बीच सुलह की अटकलें शुरू हुई. राज ठाकरे ने कहा कि सवाल यह है कि क्या उद्धव उनके साथ काम करना चाहते हैं.

### राज ठाकरे और उद्धव के बीच बातचीत जारी : संजय राउत

शिवसेना के सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच गठबंधन की कोई घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि दोनों के बीच बातचीत जारी है. राउत ने कहा, ''राज और उद्धव पारिवारिक कार्यक्रमों में मिलते हैं. वे भाई हैं.''

## मुंबई : दोनों पार्टियों में कोई गठबंधन नहीं हुआ है और सिर्फ भावुक बयानबाजी चल रही है - संजय राउत



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति नई करवट लेती दिख रही है और राज्य में राज ठाकरे की पार्टी मनसे और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी के बीच गठबंधन की चचाएं तेज हो गई है। अब इसे लेकर शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अभी दोनों पार्टियों में कोई गठबंधन नहीं हुआ है और सिर्फ भावुक बयानबाजी चल रही है।

### क्या बोले संजय राउत

मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि दोनों भाईयों (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) के बीच का रिश्ता अभी टूटा नहीं है। राउत ने कहा कि ह्यअभी कोई गठबंधन (मनसे और शिवसेना यूबीटी) नहीं हुआ है, सिर्फ भावुक बयानबाजी चल रही है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे भाई हैं। हम वर्षों तक साथ रहे हैं। हमारा रिश्ता अभी नहीं टूटा है। गठबंधन को लेकर दोनों भाई फैसला करेंगे।

## मुंबई : लोग पनीर की जगह नकली चीज का इस्तेमाल कर ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं - नरहरी झिरवाल

पनीर के नाम पर नकली चीज बेचने वालों के खिलाफ अब FDA ने सख्ती शुरू



**मुंबई :** अगर आप भी बाजार या रेस्टोरेंट से पनीर खरीदते हैं या खाते हैं, तो सावधान हो जाइए। महाराष्ट्र में पनीर के नाम पर नकली चीज बेचने वालों के खिलाफ अब FDA ने सख्ती शुरू कर दी है। राज्य के फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन मंत्री नरहरी झिरवाल ने साफ कहा है कि जो लोग पनीर की जगह नकली चीज का इस्तेमाल कर ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो ऐसे व्यापारियों का लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा।

### ग्राहकों को गुमराह करना अब पड़ेगा भारी

मंत्री झिरवाल ने कहा कि पनीर एक बेहद पसंदीदा खाना है, खासकर बच्चों में इसकी काफी मांग है। लेकिन कुछ व्यापारी इसका गलत फायदा उठा रहे हैं और नकली पनीर या चीज एनालॉग का इस्तेमाल कर ग्राहकों को धोखा दे रहे हैं। FDA की जांच में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। अब जो भी पनीर की आड़ में चीज एनालॉग बेचेगा, उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। नियम 2020 के अनुसार, किसी भी खाने-पीने की चीज में इस्तेमाल किए गए सारे घटकों और उसके पोषण मूल्य की जानकारी ग्राहक को देना जरूरी है। होटल, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड विक्रेता और कैटरिंग सर्विस वाले अपने मेन्यू कार्ड, डिस्प्ले बोर्ड और ऑर्डर मशीन पर सही जानकारी देना अनिवार्य है।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अमर्यादित-अनावश्यक बयान...

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने जैसी कठोर भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट को निशाने पर लिया, उसकी कहीं कोई आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने देश में चल रहे कथित गृह युद्धों के लिए सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। समझना कठिन है कि वह किन गृह युद्धों की बात कर रहे हैं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वर्तमान प्रधान न्यायाधीश का कार्यकाल छह माह का है और वह भी खत्म होने जा रहा है। ऐसा लगता है कि निशिकांत दुबे वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से क्षुब्ध थे, लेकिन क्या उन्हें यह पता नहीं कि अभी इस मामले पर कोई फैसला नहीं आया है। संभवतः उन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधने के पहले कुछ सोच-विचार करने की आवश्यकता नहीं समझी। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि वह जरूरत से ज्यादा बोल गए और गलत तरीके से बोल गए। वह लगातार चौथी बार लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। वह वरिष्ठ सांसद ही नहीं हैं, उनकी गिनती भाजपा के प्रमुख नेताओं में होती है। यह ठीक है कि वह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि कुछ भी बोल दें। लगता है कि उन्हें यह भी स्मरण नहीं रहा कि वह सत्तारूढ़ दल के सांसद हैं। उनका बयान कितना अधिक आपत्तिजनक था, इसे इससे समझा जा सकता है कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके कथन से किनारा कर लिया और उसे उनका निजी वक्तव्य करार दिया, लेकिन इससे नुकसान की भरपाई होने वाली नहीं है। उन्होंने अपनी पार्टी और सरकार को तो असहज किया ही, विपक्ष को भी हमलावर होने का अवसर दे दिया।

ऐसा लगता है कि निशिकांत दुबे पर इसका कहीं कोई असर नहीं पड़ा कि भाजपा अध्यक्ष को उनके बयान को उनका निजी विचार ठहराना पड़ा, क्योंकि इसके बाद उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त को निशाने पर ले लिया। स्पष्ट है कि इसके लिए भी उन्हें आलोचना और निंदा का सामना करना पड़ रहा है। यह स्वाभाविक भी है। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली और उसके फैसलों की आलोचना नहीं हो सकती। लोकतंत्र में कोई भी आलोचना से परे नहीं हो सकता और न होना चाहिए, लेकिन उसका एक तरीका होता है। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए था कि आलोचना की भी अपनी एक मयार्दा होती है। समस्या यह है कि भाजपा के कई नेता रह-रहकर इस मयार्दा का उल्लंघन करके पार्टी को संकट में डालने का काम करते हैं। निशिकांत दुबे ने जरूरत से ज्यादा बोलकर न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे उन प्रश्नों की महत्ता कम करने का ही काम किया जिन पर गहन चर्चा की आवश्यकता है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके - देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य राज्य में एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क स्थापित करना है ताकि समाज के हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके। ''आज, महाराष्ट्र स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बन रहा है और राज्य में सभी प्रकार की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हैं। लेकिन अब, हम ( महाराष्ट्र सरकार) राज्य में एक संपूर्ण नेटवर्क विकसित करना चाहते हैं जहाँ यह गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा समाज के अंतिम व्यक्ति को भी उपलब्ध हो, जो दूर-दराज के इलाकों में भी रहता है। और मुझे लगता है कि इस चुनौती के लिए हमें आप जैसे लोगों, आप जैसे डॉक्टरों की मदद की जरूरत है, जो इस काम में हमारी मदद कर सकते हैं। मुझे लगता है कि आपकी मदद से, तकनीक के साथ, आज हम सबसे दूर के इलाके तक पहुँच सकते हैं और अंतिम व्यक्ति की सेवा कर सकते हैं, ''सीएम फडणवीस ने कहा।

मुख्यमंत्री फडणवीस मुंबई लाइव एंडोस्कोपी 2025 कार्यक्रम के 22वें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के दूरदराज के इलाकों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों का आ''ान किया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने के लिए बड़ी संख्या में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता पर बल दिया। ''यह एक बहुत ही महान पेशा है, और आज यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा मिले। और मुझे लगता है कि हम यही करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि महाराष्ट्र में , पिछले दो वर्षों में, हमने दस नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए हैं क्योंकि हमें समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के लिए डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के विशाल पूल की आवश्यकता है। मुझे यकीन है कि एचएन रिलायंस जैसी संस्थाएँ, जो गरीबों के लिए कई गतिविधियाँ कर रही हैं, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने के हमारे प्रयास में भी भाग लेंगी और मुझे यकीन है कि आप सभी, अपने तरीके से, अपनी क्षमता में, उन लोगों तक पहुँचने की कोशिश करेंगे जिन्हें हमारी सबसे अधिक आवश्यकता है,''सीएम फडणवीस ने कहा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने विभिन्न श्रेणियों में जीआई एंडोस्कोपी पुरस्कारों के विजेताओं को भी बधाई दी और आशा व्यक्त की कि ये पुरस्कार जीआई एंडोस्कोपी में सार्थक योगदान को प्रेरित करेंगे। ''उद्यमिता और नेतृत्व श्रेणी के विजेताओं श्री मुकेश कल्ला को मेरी विशेष बधाई। तकनीकी कौशल श्रेणी से श्री मोहन रामचंदानी। श्री आशुतोष महापात्रा, टियर टू, टियर थ्री शहरों में एंडोस्कोपी लीडर। श्रीमती राधिका चौहान, जीआई एंडोस्कोपी में महिलाएं। श्री सुरिंदर राणा, शिक्षक श्रेणी। श्री अमोल बापे, तकनीकी कौशल श्रेणी, श्री जयंत सामंत प्रभावशाली प्रकाशन श्रेणी, प्रवीण सूर्यवंशी सर्जन श्रेणी के लिए एंडोस्कोपी। मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं। और मुझे यकीन है कि हर पुरस्कार हमें और अधिक करने, बेहतर करने की प्रेरणा देता है। हम सभी जीआई एंडोस्कोपी के इस उद्देश्य में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे,''सीएम फडणवीस ने कहा।

# ब्रिटेन में नौकरी दिलाने के नाम पर 17.9 लाख रुपये ठगने का मामला दर्ज





**मुंबई :** दादर पुलिस ने एक पति-पत्नी सहित तीन लोगों पर ब्रिटेन में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 17.9 लाख रुपये ठगने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायतकताओं के वर्तमान व्यवसायों का खुलासा नहीं किया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता निकिता डिसूजा, 33, प्रभादेवी की निवासी और एक निजी कंपनी की कर्मचारी, पहले अपने पति लियोनेल डायल के साथ 2019 से दो साल तक ब्रिटेन में काम कर चुकी हैं। दोनों ब्रिटेन लौटना चाहते थे और उन्हें एक रिश्तेदार से रोंडली मिसक्विटा के बारे में पता चला, जो अंधेरी में 'हॉपस्टोन कंसल्टेंसी' चलाते हैं।

नवंबर 2021 में, डायल ने यूके के वीजा के बारे में पूछताछ करने के लिए मिसक्विटा से संपर्क किया और बाद में कहा कि उनकी एजेंसी प्रति व्यक्ति 12 लाख रुपये और जीएसटी लेती है। जब डायल ने कहा कि उसे और उसकी पत्नी दोनों को वीजा की जरूरत है और उसने कम राशि का अनुरोध किया, तो मिसक्विटा ने 18 लाख रुपये में दोनों वीजा संसाधित करने की पेशकश की, एफआईआर में कहा गया है। जनवरी 2022 में, दंपति ने अपने दस्तावेज मिसक्विटा को ईमेल किए, जिन्होंने फिर उन्हें व्हाट्सएप पर पांच यूके कंपनियों के नाम भेजे। एफआईआर में कहा गया है कि उसने दोनों को बताया कि फर्मों ने उनके प्रोफाइल की समीक्षा की है और वे उन्हें काम पर रखने के लिए तैयार हैं, साथ ही कहा कि आरोपी ने वीजा प्रक्रिया शुरू करने के लिए 6 लाख रुपये मांगे, जो दोनों ने चुका दिए।

# नालासोपारा : 7 वर्षीय बच्ची की रहस्यमयी मौत!

## केंद्रीय अपराध जांच इकाई ने इस घटना को हत्या का मामला बताया...



**नालासोपारा :** नालासोपारा में 7 वर्षीय बच्ची की रहस्यमयी मौत से जुड़ा दुखद मामला सुलझ गया है, पालघर की केंद्रीय अपराध जांच इकाई ने इस घटना को हत्या का मामला बताया है। चौंकाने वाली बात यह है कि लड़की के अपने भाई को ही दोषी ठहराया गया है। 17 अप्रैल, 2025 को, उसके पिता ने पेल्हार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उनकी 7 वर्षीय बेटी की नालासोपारा के संतोषभवन के वलाईपाड़ा में उनके निवास पर दुर्घटनावश गिरने से मौत हो गई थी।

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, लड़की रसोई के काउंटर से कुछ लेने की कोशिश कर रही थी, तभी वह स्टूल से गिर गई और घरेलू चिमटा गलती से उसकी गर्दन के दाहिने हिस्से में चुभ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु रजिस्टर दर्ज किया गया। हालांकि, मुंबई के जेजे अस्पताल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने संदेह पैदा किया। चिकित्सा अधिकारियों ने पाया कि बच्चे की गर्दन के आसपास की चोटें दुर्घटनावश गिरने से मेल नहीं खातीं, जिसके कारण वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने समानांतर जांच के आदेश दिए।

# परली में ईवीएम से छेड़छाड़ का दावा रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी...

**परली :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर निलंबित पुलिस अधिकारी के दावों ने नया विवाद खड़ा कर दिया है. निलंबित पुलिस सब-इंस्पेक्टर रंजीत कासले ने दावा किया कि परली में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी, जिसके लिए उन्हें हटा दिया गया था और बाद में उनके खाते में 10 लाख रुपये दिए गए थे. इन आरोपों को चुनाव आयोग (ईसी) ने खारिज किया है. आयोग ने एक्स पर लिखा, ''आरोप एक असंतुष्ट पुलिस अधिकारी (निलंबित) की ओर से लगाया गया है. सख्त कानूनी प्रशासनिक प्रोटोकॉल के तहत ईवीएम को रखा जाता है, ईवीएम को हटाने की कोई संभावना नहीं है. इसकी गंभीरता को देखते हुए डीएम और एसएसपी से लेकर सीईओ तक से रिपोर्ट मांगी गई है. रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी.''

**'रंजीत कासले चुनाव के दौरान ड्यूटी पर नहीं थे'**

चुनाव आयोग ने शनिवार (19 अप्रैल) को कहा, ''डीईओ और एसएसपी बीड की आधिकारिक रिपोर्टः



बर्खास्त पीएसआई रंजीत कासले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी पर नहीं थे. आरोपों का उद्देश्य सार्वजनिक शांति और सौहार्द को भंग करना, लोगों को राज्य के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाना है. डीईओ को कासले के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.''

**धनंजय मुंडे पर पूर्व अधिकारी का दावा**

कासले ने पूर्व मंत्री और परली से एनसीपी के विधायक धनंजय मुंडे को लेकर भी दावा किया. उन्होंने कहा, ''धनंजय मुंडे ने वाल्मिकी कराड का एनकाउंटर करने की पेशकश की थी.''रंजीत कासले ने आरोप लगाया कि धनंजय मुंडे ने इस डर से कराड के एनकाउंटर की पेशकश की थी कि वह भी इसमें फंस जाएंगे. रंजीत कासले ने इससे पहले भी एक वीडियो के जरिए धनंजय मुंडे पर कराड में एनकाउंटर करने के लिए करोड़ों रुपये की पेशकश करने का आरोप लगाया था. इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया. उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया. रिपोर्ट के मुताबिक, रंजीत कासले ने कहा, ''मैं परली में ईवीएम वाली जगह पर ड्यूटी पर था. वाल्मीक कराड ने हमें बताया कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, इसलिए आपको इससे दूर रहना चाहिए. मैंने लोकसभा चुनाव के दौरान फर्जी मतदान की अनुमति नहीं दी. विधानसभा के दौरान धनंजय मुंडे की नकदी जब्त कर ली गई. इसीलिए मुझे दरकिनार कर दिया गया. मुझे ऊपर से आदेश मिला कि मैं छुट्टी ले लूं और ईवीएम ड्यूटी से हटा दिया गया.'' रंजीत कासले ने बताया कि चुनाव के दिन 21 नवंबर को संत बालूमामा कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से मेरे खाते में 10 लाख रुपये जमा किए गए.

## पुणे ;: 1.42 करोड़ रुपये डायवर्ट करने की शिकायत दर्ज



**पुणे :** एक अदालत ने सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के सचिव मिलिंद देशमुख को जमानत दे दी। उन पर गोखले इंस्टीट्यूट से संबंधित फंड को कथित तौर पर नागपुर में एसआईएस की संपत्ति पर कब्जा हासिल करने के लिए डायवर्ट करने का आरोप है। देशमुख को 6 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स के सहायक रजिस्ट्रार ने उनके खिलाफ कथित तौर पर 1.42 करोड़ रुपये डायवर्ट करने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस सप्ताह की शुरूआत में देशमुख को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। बाद में उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष जमानत याचिका दायर की। देशमुख की वकील उज्ज्वला पवार ने बताया कि अदालत ने 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर देशमुख को जमानत दे दी।

## छत्रपति संभाजीनगर : चोरी के मकसद से गैस कटर का इस्तेमाल; भीषण आग से पूरा बैंक जलकर खाक



**छत्रपति संभाजीनगर :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले से दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई. यहां चोरी के मकसद से एक बदमाश बैंक में घुसने की कोशिश कर रहा था. उसने चोरी करने के लिए महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक का ताला काटने की कोशिश की. इसके लिए उसने गैस कटर का इस्तेमाल किया. हालांकि, सिलेंडर में अचानक ब्लास्ट हो जाने से भीषण आग लग गई और पूरा बैंक जलकर खाक हो गया. ब्लास्ट से आग का बड़ा गुबार उठा, जिसे देख चोर वहीं सबकुछ छोड़कर भाग गए. मामला छत्रपति संभाजीनगर के वैजापुर गांव स्थित महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक की ब्रांच का है. यहां चोरों ने चोरी करने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल किया, जिससे गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया और पूरी ब्रांच जलकर खाक हो गई.

**अपनी कार छोड़कर भाग गए चोर**

यह घटना रविवार (20 अप्रैल) सुबह करीब 3.30 या 4.00 बजे की है. जैसे ही धमका हुआ, चोर वहां से भाग गए और पूरी ब्रांच में आग फैल गई. ब्लास्ट के बाद चोर इतने अफरातफरी में थे कि अपनी गाड़ी तक साथ नहीं ले गए. चोरी के दौरान लाई गई एक एक कार बैंक के बाहर ही खड़ी मिली. फिलहाल चोरों की तलाश जारी है.

## मुंबई : ठग ने कंपनी का निदेशक बता अकाउंटेंट से ट्रांसफर कराए 30 लाख रुपये...



**मुंबईः** मुंबई में एक ठग ने खुद को जीईएसपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक रुशिंद्र सिन्हा बता उसके अकाउंटेंट से बैंक खाते में 30 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पुलिस के अनुसार, 61 वर्षीय अकाउंटेंट ने इस संबंध में पश्चिम क्षेत्र साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अकाउंटेंट के अनुसार, उसे 24 मार्च की शाम को एक अज्ञात नंबर से एक व्हाट्सएप संदेश मिला। व्हाट्सएप नंबर की डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) कंपनी के निदेशक रुशिंद्र सिन्हा की थी। इसके बाद, संदेश भेजने वाले ने खुद को सिन्हा के रूप में पेश किया और उसे अपना नया व्हाट्सएप नंबर बताते हुए नंबर सेव करने के लिए कहा। अगली सुबह, अकाउंटेंट को फिर से एक व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें उसे एक नए प्रोजेक्ट के लिए दिए गए बैंक खाते में 50 लाख रुपये का 'अग्रिम भुगतान' करने के लिए कहा गया। इस बीच, उसे उसी नंबर से एक कॉल आया, लेकिन वह डिस्कनेक्ट हो गया। अकाउंटेंट ने सोचा कि सिन्हा शायद किसी मीटिंग में हैं और उन्हें तत्काल पैसे की जरूरत है, और उसने व्हाट्सएप नंबर द्वारा साझा किए गए बैंक खाते में 30 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ठाणे-बोरीवली सुरंग सड़क परियोजना में किए गए बदलाव का विरोध



**मुंबई :** ठाणे-बोरीवली सुरंग सड़क परियोजना के संरेखण में कथित अंतिम समय में किए गए बदलाव का विरोध करते हुए मानपाड़ा के मुल्ला बाग के निवासियों द्वारा मौन विरोध के बाद, एमएमआरडीए ने ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के की मौजूदगी में निवासियों के साथ एक बैठक आयोजित की, ठाणे पुलिस ने यह जानकारी दी।

निवासियों ने दावा किया कि संशोधित मार्ग क्षेत्र की शांति और हरियाली को खतरे में डालता है। निवासियों ने कहा कि वे ठाणे-बोरीवली सुरंग परियोजना के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने मांग उठाई कि सुरंग को यूनी एबेक्स कंपनी में स्थित मुल्ला बाग तक बढ़ाया जाना चाहिए, टोल प्लाजा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और पेड़ों की छंटाई बंद की जानी चाहिए।

## मुंबई : मुंबई में चल रही सड़क कंक्रीटीकरण परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया



**मुंबई :** मैराथन समीक्षा बैठक के दौरान, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और मुंबई उत्तर के सांसद पीयूष गोयल ने मुंबई में चल रही सड़क कंक्रीटीकरण परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, ''बीएमसी ने आश्वासन दिया है कि उत्तरी मुंबई में चार नागरिक वार्डों में 212 सड़कों पर काम 31 मई तक पूरा हो जाएगा।''यह गोयल की बीएमसी, कलेक्टर कार्यालय, एमएमआरडीए, म्हाडा, एसआरए और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चौथी समीक्षा बैठक थी।

बैठक बोरीवली पश्चिम में बीएमसी के आर सेंट्रल वार्ड कार्यालय में आयोजित की गई थी, जहां उन्होंने शहर के उत्तरी उपनगरों को प्रभावित करने वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और नागरिक मुद्दों का जायजा लिया। बैठक के दौरान, मुंबई उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के विधायकों ने सड़क के काम की धीमी प्रगति पर चिंता जताई। चल रहे कंक्रीटीकरण कार्य की सुस्त गति और गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए, गोयल ने नागरिक अधिकारियों से सवाल किए, उन्हें उच्च निर्माण मानकों को सुनिश्चित करते हुए प्रगति में तेजी लाने का आग्रह किया।

मानसून का मौसम तेजी से नजदीक आ रहा है, इसलिए उन्होंने निवासियों और यात्रियों को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए सड़क निर्माण के वर्तमान चरण को 31 मई की समय सीमा तक पूरा करने के महत्व पर बल दिया।

## मुंबईः शिवसेना के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों के बीच फ्रीस्टाइल...



**मुंबईः** मंत्रियों के दौरे की सूचना अन्य पदाधिकारियों को नहीं दी जाती, जिसके कारण रोहियो मंत्री भरत गोगावले के सामने शिवसेना के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों के बीच झड़प हो गई। यहां लंबे समय तक विवाद और भ्रम की स्थिति रही। अंततः मंत्री गोगावले के हस्तक्षेप के बाद तनाव कम हुआ। यह घटना शनिवार को शिवसेना जिला प्रमुख मनीष कालजे और पूर्व शिवसेना शहर प्रमुख मनोज शेजवाल के बीच हुई।

# मुंबई: ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाया...

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर ईवीएम (ईवीएम) में गड़बड़ी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। यह आरोप महाराष्ट्र पुलिस के निलंबित पुलिस उपनिरीक्षक (पीएसआई) रंजीत कसाले ने लगाए थे। आयोग ने इन आरोपों को राधार और शांति भंग करने की कोशिश बताया है। बता दें कि, रंजीत कसाले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग पर ईवीएम में हेराफेरी करने के गंभीर आरोप लगाए थे। यह वीडियो कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से भी शेयर किया था।

**आरोपों पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया**

चुनाव आयोग ने तुरंत इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बयान एक नाराज और निलंबित पुलिस अधिकारी का है, जिसका चुनाव प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं था। आयोग ने कहा कि ईवीएम को संभालने की प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित और पारदर्शी होती है, जिसमें किसी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होती। चुनाव आयोग ने मामले में बीड जिले के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह भी कहा कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।




चुनाव आयोग की तरफ से शेयर की गई रिपोर्ट के अनुसार, रंजीत कसाले चुनाव के समय किसी भी तरह की चुनावी ड्यूटी पर नहीं थे। वे पहले से ही निलंबित थे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके बयान का मकसद जनता के बीच डर और गलतफहमी फैलाना था, जिससे शांति व्यवस्था बिगड़ सकती थी। चुनाव आयोग ने कहा, 'बीड जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी और एसएसपी की रिपोर्ट के अनुसार, रंजीत कसाले चुनाव ड्यूटी पर नहीं थे। उनके आरोपों का उद्देश्य सार्वजनिक शांति भंग करना और राज्य के खिलाफ हिंसा भड़काना था।'

बीड के जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग को सूचित किया है कि रंजीत कसाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। उन पर यह मामला 17 अप्रैल को दिए गए उनके बयान के आधार पर दर्ज हुआ है, जिसमें उन्होंने ईवीएम के भंडारण को लेकर झूठी जानकारी फैलाई थी। चुनाव आयोग ने कहा, 'बीड डीईओ ने सूचित किया है कि आज निलंबित पुलिस अधिकारी के खिलाफ ईवीएम स्टोरेज को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। चुनाव आयोग ने पहले ही रिपोर्ट मांगी थी और अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।' कांग्रेस पार्टी ने हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। पार्टी का कहना है कि ईवीएम में गड़बड़ी की गई है, जिससे परिणाम प्रभावित हुए हैं।

## 16 वर्षीय लड़के ने तलवार से बेस्ट बस, कई ऑटोरिक्शा और एक पानी के टैंकर को क्षतिग्रस्त कर दिया... मामला दर्ज

**मुंबई :** भांडुप पश्चिम में एक 16 वर्षीय लड़के ने तलवार से बेस्ट बस, कई ऑटोरिक्शा और एक पानी के टैंकर को क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले के समय, बस के अंदर यात्री मौजूद थे। कथित तौर पर, लड़के ने अपने चाचा द्वारा डांटे जाने के बाद गुस्से में यह कृत्य किया। बस चालक द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, भांडुप पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (1) (हत्या का प्रयास), 324 (5) (एक लाख रुपये या उससे अधिक की हानि पहुंचाने वाली शरारत), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 351 (3) (आपराधिक धमकी), और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम और भारतीय शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। घटना 19 अप्रैल को हुई थी।

## मुंबई : 50 करोड़ रुपए का फंड मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल को नहीं दिया



**मुंबई :** देश-विदेश में पढ़ाई करने वाले अल्पसंख्यक छात्रों को मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल की ओर से शैक्षणिक कर्ज प्रदान किया जाता है। यह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शैक्षणिक कर्ज योजना राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आर्थिक विकास बोर्ड के सहयोग से चलाई जाती है। लेकिन महायुति सरकार की तिजोरी खाली होने से पिछले तीन महीनों से इस बोर्ड ने ५० करोड़ रुपए का फंड मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल को नहीं दिया है। इसके चलते राज्य के लगभग ३०० अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का देश-विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना अधूरा रह गया है। कुल मिलाकर यह कर्ज योजना महज ५० करोड़ के लिए ठप पड़ गई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम शैक्षणिक कर्ज योजना और मौलाना आजाद शैक्षणिक कर्ज योजना के तहत राज्य के अल्पसंख्यक छात्रों को कर्ज दिया जाता है। आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी, यहूदी समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए २७ सितंबर २००० को मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना की गई थी। इसके अंतर्गत विभिन्न कर्ज योजनाएं और प्रशिक्षण योजनाएं शुरू की गई थीं, लेकिन फंड की कमी के कारण ये योजनाएं अब ठप पड़ गई हैं।

# मुंबई : उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को शिवसेना से निकालने के लिए मजबूर किया - नरेश म्हस्के

**मुंबई :** उद्धव ठाकरे के राज ठाकरे के साथ हाथ मिलाने वाले बयान पर शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को शिवसेना से निकालने के लिए मजबूर किया। यह सभी को पता है। शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा, ''एक तरफ साथ में आने की बातें करना और दूसरी तरफ राज साहब पर शर्तें थोपना।, महाराष्ट्र की राजनीति सबको पता है। राज ठाकरे जैसे जमीनी नेता संजय राउत और उद्धव ठाकरे की शर्तें मानेंगे, ये बहुत बड़ा सवाल है।''उन्होंने कहा, ''जिस

राज ठाकरे को कभी उद्धव ने शिवसेना से बाहर निकलवाने की मजबूरी खड़ी की, महाराष्ट्र की जनता सब जानती है। शिवसेना जानती है। जब बाला साहेब ठाकरे थे, उस समय कहा गया था कि जहां शिवसेना मजबूत है, वहां उद्धव ठाकरे संभालें, और जहां कमजोर है, वहां की जिम्मेदारी राज ठाकरे को दें। यह जिम्मेदारी खुद बाला साहेब ठाकरे दे रहे थे। लेकिन तब उद्धव ठाकरे ने घर में विवाद खड़ा



किया था कि अगर राज ठाकरे को जिम्मेदारी दी गई तो मैं घर छोड़ दूंगा। ऐसी धमकी बाला साहेब को दी गई थी।''म्हस्के ने कहा, ''अब वही राज साहब को करीब लाने की बात हो रही है? राज ठाकरे ने मेहनत से शिवसेना को खड़ा किया था।

लेकिन उन्हें एक तरफ कर दिया गया और शिवसेना की कमान पूरी तरह उद्धव ने संभाली। यहां तक कि राज ठाकरे को बाला साहेब की फोटो लगाने से भी मना किया गया। उन्होंने फिर खुद की पार्टी, महाराष्ट्र नव निर्माण सेना बनाई और अपने दम पर आगे बढ़े।''उन्होंने आगे कहा, ''यही उद्धव ठाकरे जी का स्वभाव है। लोकसभा, विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस की जरूरत थी, तो उन्हें साथ ले लिया। अब जब मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव सामने हैं। जो सत्ता का केंद्र है, तो अब उन्हें फिर से साथ चाहिए। चाहे

राज ठाकरे हों या कोई और। जब तक जरूरत होती है, इस्तेमाल करते हैं, और काम खत्म होने पर छोड़ देते हैं।''महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की मीटिंग को नरेश म्हस्के ने सामान्य मुलाकात बताया। उन्होंने कहा, ''एकनाथ शिंदे और राज ठाकरे के बीच जो मीटिंग हुई, वो एक सामान्य मुलाकात थी, जैसे पुराने दोस्त आपस में मिलते हैं। इसमें कोई विशेष मुद्दा नहीं था, न ही कोई खास एजेंडा। शिंदे साहब ने भी बाद में मीडिया से कहा कि ये सिर्फ एक सामान्य मुलाकात थी। हमने साथ काम किया है, पुराने संबंध हैं और खाने पर मिले थे। इसमें हिंदी भाषा या किसी और विषय की कोई बात नहीं थी।''

# कल्याण : खुलेआम चल रहे हैं जुआ, मटका, देशी शराब की बिक्री और नशे के अड्डे

**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली शहर के विभिन्न पुलिस थानों की सीमा में जुआ, मटका, देशी शराब की बिक्री और नशे के अड्डे खुलेआम चल रहे हैं। प्रमुख चौराहों, चौकियों, स्कूल और कॉलेज परिसरों तथा गली-मोहल्लों में जुआ, मटका और नशे के अड्डे बड़े पैमाने पर चल रहे हैं और छात्र और युवा इसके शिकार हो रहे हैं। भले ही कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के आदेश दिए हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रही है। यानी उनके आदेश को ठेगा दिखा रही है।

कल्याण जोन-३ के अंतर्गत आने वाले आठों पुलिस थानों की सीमा में दिनदहाड़े विभिन्न अवैध गतिविधियां चल रही हैं और कल्याण-पश्चिम स्टेशन क्षेत्र, डोंबिवली टाटा पॉवर नाका, रामनगर, मानपाड़ा और



डोंबिवली पूर्व-पश्चिम स्टेशन क्षेत्रों में जुआ, मटके का अड्डा और नशीली दवाओं की बिक्री खुलेआम हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि कुछ अड्डे पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हैं। नागरिकों द्वारा इन अवैध अड्डों को तत्काल बंद करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर मामला दर्ज करने की मांग के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

**ठाणे कमिश्नर से शिकायत**

कुछ जागरूक नागरिकों ने बताया कि कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे के ऐसे ठिकानों को बंद करने के स्पष्ट आदेश के बावजूद नागरिक, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता जल्द ही ठाणे पुलिस आयुक्त के समक्ष सीधे शिकायत दर्ज कराएंगे, क्योंकि स्थानीय पुलिस उनकी अनदेखी कर रही है। रामनगर पुलिस स्टेशन से थोड़ी ही दूरी पर डोंबिवली-पूर्व रेलवे स्टेशन के सामने एक इमारत की दूसरी मंजिल पर दिनदहाड़े मटके का धंधा चल रहा है। कल्याण-पश्चिम स्टेशन क्षेत्र और मानपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा में टाटा पॉवर नाका पर दिन में ही मटके और ड्रग्स के अड्डे संचालित हो रहे हैं। इन ठिकानों की पूरी जानकारी होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नागरिक आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं।

## मुंबईः प्रवीण दरेकर ने कहा-फडणवीस के नेतृत्व में महायुति गठबंधन को जनादेश

**मुंबईः** भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि वे वास्तव में महाराष्ट्र के हितों के बारे में चिंतित हैं या नहीं। लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महायुति गठबंधन को जनादेश दिया है। हम राज्य के हितों को संभाल रहे हैं और हम इसे मजबूती से करते रहेंगे।

## मुंबईः वर्षा गायकवाड़ का देर रात एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन

**मुंबईः** कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने शनिवार देर रात मुंबई के एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया और युवा कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव की झूठी गिरफ़्तारी का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट से जुड़ा है।

## मुंबईः विक्रम भट्ट ने कहा दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग ने बड़े पैमाने परफिल्में बनाई

**मुंबईः** निर्देशक और फिल्म निमार्ता विक्रम भट्ट कहते हैं, ''विशिष्ट दर्शक वर्ग का कहना है कि फिल्म जल्द ही ओटीटी या टेलीविजन पर आएगी... बड़े पैमाने पर दर्शकों को हमने पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। लेकिन दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग ने ऐसा नहीं किया, उन्होंने हमेशा बड़े पैमाने पर दर्शकों के लिए फिल्में बनाईं और इसीलिए दक्षिण की फिल्में सफल हैं।

## गढ़चिरौली से 4 माओवादी गिरफ्तार

**गढ़चिरौली :** पुलिस और सीआरपीएफ ने कल 4 माओवादियों को गिरफ्तार किया, जो दिरांगी-फुलनार में मुठभेड़ के दौरान सी-60 कमांडो की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## भद्रावती तालुका में रेत तस्करों के खिलाफ राजस्व विभाग ने की सख्त कार्रवाई

**मुंबईः** भद्रावती तालुका में अवैध रेत तस्करी की दर बढ़ गई है और तहसीलदार राजेश भंडारकर ने इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। पिछले तीन माह में रेत का अवैध परिवहन करने वाले 27 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर 5 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इनमें से 21 के मालिकों से 27 लाख 13 हजार 700 रुपये जुर्माना वसूला गया। 6 वाहन मालिकों से जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया चल रही है।

## मुंबईः भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बाबा देसाई का निधन

**मुंबईः** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय उर्फ बाबा भाऊसाहेब देसाई (76 वर्ष) का शनिवार आधी रात को निधन हो गया। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब देसाई के बेटे के विवाह समारोह में शामिल हुए थे।

## पुणे : नीरा घाटी के चार बांधों में 33 प्रतिशत पानी

**पुणे :** सातारा और सोलापुर जिलों की पेयजल और सिंचाई जरूरतों को पूरा करने वाले नीरा घाटी के चार बांधों, भाटघर, नीरा-देवघर, वीर और गुंजवणी में 19 अप्रैल को जल संग्रहण 32.86 प्रतिशत है। पिछले वर्ष चारों बांधों में जल संग्रहण 23.09 प्रतिशत था। इस वर्ष जल संग्रहण पिछले वर्ष की तुलना में 9.77 प्रतिशत अधिक है। इसलिए भीषण गर्मी के बावजूद नीरा घाटी में नीरा दायीं और बायीं नहरें पूरी क्षमता से बह रही हैं।

## चिपलुण बाजार में 'स्वच्छ भारत' की अनूठी पहल

**चिपलूण :** चिपलूण नगर परिषद का स्वास्थ्य विभाग शहर में, विशेषकर बाजारों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विभिन्न उपायों को लागू कर रहा है। कुछ व्यापारियों से गीला कचरा बेल ट्रकों के माध्यम से एकत्रित करने की योजना पर काम चल रहा है, मुख्यतः रात के समय जब बाजार बंद रहता है। हालांकि, नगर परिषद द्वारा गीला कचरा एकत्र करने के लिए उपयोग किए जाने वाले स्क्रैप मेटल ट्रक के कारण, ट्रक में आधा गीला कचरा सड़क पर और आधा ट्रक में गिर रहा है।

# मुंबईः सरकारी टीचर्स के लिए एक समान ड्रेस कोड

## शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने नई योजना के संकेत दिए

**मुंबईः** महाराष्ट्र सरकार शिक्षा विभाग का कायाकल्प करने की दिशा में हर संभव प्रयास करने में जुटी है। हिंदी भाषा की अनिवार्यता के तुरंत बाद अब एक और आदेश जारी कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार अब सरकारी टीचर्स के लिए एक समान ड्रेस कोड प्लान कर रही है। शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने एक कार्यक्रम में सरकार की इस नई योजना के संकेत दिए। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में टीचर्स के लिए ड्रेस कोड लागू हो चुका है। हिमाचल प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में भी टीचर्स के लिए ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी है। मालेगांव में एक स्कूल के कार्यक्रम में प्रदेश के शालेय शिक्षा मंत्री दादाजी भूसे ने यह बयान दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री दादाजी भूसे ने कहा कि आपके गांव और स्कूल के पूरे स्टाफ का अभिनंदन करना है। क्योंकि आप एक यूनिफॉर्म में नजर आने वाले हैं। शिक्षक और शिक्षिकाएं सब एक यूनिफॉर्म में, ड्रेस कोड में हैं। आप सभी को देखकर में घोषणा करता हूं कि हम राज्यव्यापी ड्रेस कोड लागू करेंगे। शिक्षा अधिकारी साहब, अब हमारे



शिक्षकों को भी यूनिफॉर्म में आना पड़ेगा और परेशान न हों, इस व्यवस्था के लिए हम निधि भी देंगे। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश इस मामले में आगे निकल चुका है।

**कुछ हद तक हिमाचल प्रदेश कि शिक्षा निती को करेंगे फॉलो**

बता दें कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में टीचर्स के जींस, टी-शर्ट और रंग-बिरंगे कपड़े पहनने पर बैन लग गया है। अब सरकारी स्कूलों के टीचर्स ड्रेस कोड में दिखाई देंगे। काफी लंबे समय और प्रयास के बाद कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने ड्रेस कोड लागू करने का आदेश जारी किया है। 17 अप्रैल 2025 को हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सुनील वर्मा ने यह आदेश जारी किए हैं।

**ड्रेस कोड फॉलो करें, लेकिन अनिवार्य नहीं**

आदेशों में कहा गया है कि सरकारी स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों को ड्रेस कोड फॉलो करना है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है। स्कूल स्वेच्छा से टीचर्स पर ड्रेस कोड लागू कर सकते हैं। क्योंकि छात्र शिक्षकों को रोल मॉडल के रूप में देखते हैं। अक्सर छात्र शिक्षकों के पहनावे और व्यवहार को कॉपी करते हैं। शिक्षकों की ड्रेसिंग, व्यवहार और छवि का उनके मन पर गहरा और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**हिमाचल में क्या रहेगा ड्रेस कोड?**

आदेशों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में तैनात पुरुष शिक्षक फॉर्मल पैंट और शर्ट पहनेंगे। महिला शिक्षक दुपट्टे के साथ सलवार-कमीज, साड़ी, चूड़ीदार सूट या फॉर्मल वेस्टर्न ड्रेस पहन सकती हैं। महरून या नीले रंग के ब्लेजर, शूज पहन सकती हैं। मौसम की स्थिति के अनुसार भी टीचर्स ड्रेस कोड को फॉलो कर सकते हैं।

## मुंबईः नियमों का उल्लंघन होने पर रेत डिपो रद्द

**मुंबईः** राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राज्य के रेत डिपो में अनियमितता, कदाचार और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी है। राज्य के सभी 57 रेत डिपो को नोटिस जारी कर दिया गया है और संभागीय आयुक्त के माध्यम से तीन दिनों के



भीतर राज्य के डिपो की तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है।

# मुंबईः आरटीई दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू...

## विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए समय सीमा 15 अप्रैल तक

**मुंबईः** महाराष्ट्र स्कूल शिक्षा विभाग ने फ्री स्कूल एडमिशन यानी आरटीई दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षा का अधिकार के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर दूसरी प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जा रहा है। इन विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए समय सीमा 15 अप्रैल तक दी गयी थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दिया गया है। अकोला जिले की दूसरी प्रतीक्षा सूची में 228 विद्यार्थियों का सिलेक्शन हुआ है, जिनमें से शनिवार की शाम 5 बजे तक 103 विद्यार्थियों का प्रवेश निश्चित हो चुका है। इस वर्ष अकोला जिले की 191 स्कूलों में कुल 1,992 सीटें आरटीई के तहत उपलब्ध हैं। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में आरटीई के अंतर्गत कोटा से प्रवेश पाने के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 जनवरी से शुरू की गई। इन




सीटों के लिए 6,036 आवेदन प्राप्त हुए थे। लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से 1,968 विद्यार्थियों को प्रवेश की घोषणा की गई थी। जिसमें से 10 मार्च तक 1,404 विद्यार्थियों ने अपने प्रवेश की पुष्टि की।

शेष रिक्त सीटों के लिए 525 विद्यार्थियों का सिलेक्शन हुआ था जिन्हें पहली प्रतीक्षा सूची के माध्यम से मौका दिया गया। इनमें से 4 अप्रैल तक 194 विद्यार्थियों के प्रवेश निश्चित हुआ। इसके बाद दूसरी प्रतीक्षा सूची की घोषणा हुई, जिसमें 228 विद्यार्थियों का सिलेक्शन किया गया है और शनिवार की शाम 5 बजे तक 103 विद्यार्थियों का प्रवेश निश्चित हो चुका है। दूसरी प्रतीक्षा सूची की समय सीमा 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इस तरह अब तक 1992 सीटों में से 1701 विद्यार्थियों का प्रवेश निश्चित हुआ है। अभी भी 1992 में से 291 सीटें खाली है।

**क्या है शिक्षा का अधिकार**

छात्रों के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी गैर-अनुदानित स्कूलों में प्रवेश स्तर पर 25 प्रतिशत सीटें वंचित और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित रखने का प्रावधान है। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब परिवार अपने बच्चों को उच्च शुल्क वाली स्कूलों में पढ़ाने में सक्षम नहीं थे; लेकिन आरटीई के माध्यम से ऐसे परिवारों का अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने का सपना साकार हो रहा है।

## मुंबई : कोस्टल रोड के किनारे घुमावदार पुल पर टेम्पो का पीछा करते समय... ट्रैफिक वार्डन ने अपने स्कूटर पर नियंत्रण खो दिया



**मुंबई :** मुंबई के धर्मवीर संभाजीराजे कोस्टल रोड पर ट्रैफिक वार्डन के पद पर कार्यरत था, जो टाटा गार्डन एक टेम्पो टाटा गार्डन और वर्ली की ओर जा रहा था। जवाब में, ट्रैफिक वार्डन ने उसे रोकने के प्रयास में अपने स्कूटर पर टेम्पो का पीछा करना शुरू कर दिया। हालांकि, टेम्पो आगे बढ़ता रहा।

पुलिस के अनुसार, कोस्टल रोड के किनारे घुमावदार पुल पर टेम्पो का पीछा करते समय, ट्रैफिक वार्डन ने अपने स्कूटर पर नियंत्रण खो दिया, पुल पर सीमेंट की दीवार से टकराया और समुद्र में गिर गया। घटना की जानकारी कुछ ही देर बाद मिली। घायल ट्रैफिक वार्डन को फायर ब्रिगेड की मदद से बचाया गया और तुरंत इलाज के लिए कमल नायर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, नायर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी ने भर्ती होने से पहले शाम 5:46 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदीप शर्मा और तीन अन्य को पांच साल का सश्रम कारावास

**भुज (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले की एक अदालत ने पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदीप शर्मा को 2011 के एक मामले में पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला एक निजी कंपनी को सरकारी जमीन आवंटित करने में अनियमितताओं से जुड़ा है। इससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ था। उस समय शर्मा तत्कालीन जिलाधिकारी थे। भुज में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे. वी. बुद्ध की अदालत ने शर्मा, शहरी योजनाकार नटूभाई देसाई, तत्कालीन मामलतदार नरेंद्र प्रजापति और तत्कालीन रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर अजितसिंह जाला को पांच साल की सजा सुनाई और उन पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। यह मामला 2004 में सॉ पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड को सरकारी भूमि के आवंटन में हुई अनियमितताओं से संबंधित है, जब शर्मा कच्छ के जिलाधिकारी थे।अदालत ने कहा कि शर्मा की सजा 2004 के भ्रष्टाचार के एक मामले में इस वर्ष 20 जनवरी को अहमदाबाद की एक सत्र अदालत द्वारा दी गई पांच साल की सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी। शर्मा और तीन अन्य के खिलाफ 2011 में सीआईडी अपराध राजकोट जोन पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 120 बी और 217 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## कुशाग्र बैंगाहा ने हासिल की एआईआर 7 रैंक

कानपुर। कानपुर फू लबाग के कुशाग्र बैंगाहा ने जेईई मैन्स 2025 के दूसरे सत्र में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर राज्य में टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। कुशाग्र बैंगाहा 100 हिमांग वार्सनेय 99.76 रूद्र भारती, 99.50 तनीशा 99.35 सहित 30 अन्य छात्रों ने जेईई मैन्स 2025 के दूसरे सत्र में 99 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं ये परिणाम भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। जो छात्रों के समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ; ने आज परिणामों की घोषणा कीए जो इस वर्ष के लिए निर्धारित दूसरे और अंतिम जेईई सत्र के समापन को चिन्हित करता है। छात्रों को उनकी इस सफलता के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डीकेनिश्रा ने बधाई दी।

## आदित्य और अभय प्रताप सिंह बने टॉप स्कोरर'

गोरखपुर। देश की प्रमुख परीक्षा तैयारी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2025 सेशन 2 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की है। संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए गोरखपुर के दो छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 5000 रैंक में स्थान प्राप्त किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड गोरखपुर शाखा के छात्र आदित्य केजरीवाल ने 99.75 परसेंटाइल के साथ एआईआर 3915 हासिल कीए वहीं अभय प्रताप सिंह ने एआईआर 4636 प्राप्त की। इनके अतिरिक्त, हर्षिता शुक्ला, कनिष्का पटेल और यूसुफकमाल जैसे अन्य छात्र भी जेईई मेन 2025 सेशन 2 में टॉप स्कोरर के रूप में उभरे हैं। इन शानदार परिणामों से छात्रों की कड़ी मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण मिलता है, विशेषकर इस परीक्षा में जो भारत की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज जेईई मेन के दूसरे और अंतिम सेशन के नतीजे घोषित किए। छात्रों को बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डी के मिश्रा ने कहा कि हमें अपने छात्रों की जेईई मेन 2025 में प्राप्त सफलता पर गर्व है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा प्रभावित लोगों के शिविरों को निरुद्ध केंद्रों में तब्दील कर दिया गया हैः सुभेंदु

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने हिंसा पीड़ितों के राहत शिविरों को निरुद्ध केंद्रों में तब्दील कर दिया है और प्रशासन बाहर से आने वाले किसी भी व्यक्ति को उनसे मिलने या उनकी दशा देखने की अनुमति नहीं दे रहा है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हिंसा प्रभावित लोगों के प्रति अमानवीय व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि लोगों, विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे अपनी गरिमा की रक्षा के लिए धुलियान और शमशेरगंज में अपना घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर हुए तथा भागीरथी नदी के पार वैष्णवनगर क्षेत्र में परलालपुर उच्च विद्यालय भवन और अन्य नजदीकी स्कूलों में शरण ली। अधिकारी ने आरोप लगाया, हालांकि, सरकार अपना अमानवीय चेहरा दिखा रही है और मीडिया तथा स्वयंसेवी संगठनों को विस्थापित लोगों से बातचीत करने की अनुमति नहीं दे रही है। उन्हें भोजन में घटिया किस्म का चावल परोसा जा रहा है। पुलिस विस्थापितों के लिए गैर सरकारी संगठनों द्वारा दान किए गए भोजन को स्थानीय गोदामों में जमा कर रही है।

## बंगाल के राज्यपाल ने हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की

कोलकाता



**पश्चिम बंगाल के** राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए एक व्यक्ति और उसके बेटे के परिजनों से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हरगोविंद दास और चंदन दास के शव शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में उनके घर में पाए गए थे और शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे। बोस ने मृतकों के परिजन से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं अनुरोधों पर गौर करूंगा। तीन से चार सुझाव मिले हैं। उन्होंने इलाके में बीएसएफ की तैनाती की मांग की है। मैं इस मामले को उचित अधिकारियों के समक्ष उठाऊंगा। निश्चित रूप से कुछ ठोस कार्वाई की जाएगी। मैंने उनके साथ शांति कक्ष का नंबर (राजभवन की हेल्पलाइन) भी साझा किया है।

## खुद को नेता के रूप में नहीं देखता, सत्य का साधक हूंः राहुल

नई दिल्ली



**कांग्रेस के पूर्व** अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सच्चाई के लिए खड़े होना गांधी-नेहरू की परंपरा रही है तथा वह खुद को नेता के रूप में नहीं देखते बल्कि सत्य का साधक (सीकर ऑफ ट्रुथ) मानते हैं।उन्होंने पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के साथ एक पॉडकास्ट में नेहरू की राजनीति, आदर्श, विचार और योगदान के बारे बात की।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस संवाद के दौरान अमेरिकी शुल्क से जुड़े विषय का भी उल्लेख किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झुक गए, जबकि नेहरू और इंदिरा ऐसी परिस्थिति में कभी नहीं झुकते।उन्होंने अपने परिवार के राजनीतिक दर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति वास्तव में सत्य के लिए होती है। राहुल गांधी का कहना था, नेहरू जी ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीय नागरिकों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का उद्घोष करने का साहस दिया। उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य की उनकी निरंतर खोज में निहित है। एक ऐसा सिद्धांत है जिसने उन सभी चीज़ों को आकार दिया जिनके लिए वे खड़े थे। उनके अनुसार, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने कभी खुद को नेता के रूप में नहीं देखा और उनके परिवार का हमेशा यही मानना रहा कि राजनीति सच्चाई के लिए होनी चाहिए।उन्होंने कहा, मैं भी खुद को नेता के रूप में नहीं देखता, बल्कि सत्य का साधक हूं।कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत को उन स्थितियों का सामना करने की हिम्मत करनी पड़ेगी जो आज उसके सामने है।

## कर्नाटक में जनेऊ उतारने को कहने के आरोप में मामला दर्ज, दो होमगार्ड निलंबित

शिवमोगा (कर्नाटक)

कर्नाटक के शिवमोगा में सीईटी परीक्षा केंद्र आदिचुंचनगिरि पीयू कॉलेज में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनिवार (जनेऊ) उतारने के लिए कहने के आरोप में अधिकारियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर तैनात दो होमगार्ड को इस सिलसिले में निलंबित कर दिया गया है, जिन्होंने छात्रों से जनेऊउतारने को कहा था। यह मामला कर्नाटक ब्राह्मण सभा के सदस्य नटराज भागवत की शिकायत के बाद शुक्रवार को दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 299 (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके अपमानित करने का इरादा), 351 (1) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि घटना जिला प्रशासन के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्वाई नहीं की गई तथा छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले जनिवार हटाने के लिए कहे जाने से छात्रों के साथ-साथ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## कानून यदि उच्चतम न्यायालय ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिएः निशिकांत दुबे



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने एक्स पर यह पोस्ट बिना किसी व्याख्या के लिखा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। अधिनियम को इस महीने की शुरूआत में संसद ने पारित किया था। न्यायालय द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है। राष्ट्रपति को भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल में समयसीमा निर्धारित किए जाने पर भी बहस शुरू हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शीर्ष अदालत के इस निर्णय से असहमति जताई है। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी दलों ने शीष अदालत के उक्त निर्देश के साथ-साथ वक्फ (संशोधन) अधिनियम मामले में उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही की सराहना की है। भाजपा के लोकसभा सदस्य दुबे ने एक्स पर पोस्ट किया, कानून यदि उच्चतम न्यायालय ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए। झारखंड के गोड्डा से सांसद दुबे अक्सर लोकसभा में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भाजपा के राजनीतिक हमलों में अग्रणी भूमिका में रहते हैं और विभिन्न मुद्दों पर सत्तारूढ़ पार्टी का रुख स्पष्टता से सदन में रखते हैं।

## नीतीश ने बिहार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दियाः राजद

पटना





बिहार में विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राज्य में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना देने और साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव प्रचार अभियान के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राजद ने यह भी आरोप लगाया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य में वित्तीय अराजकता के लिए जिम्मेदार है। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने आरोपों को निराधार करार दिया है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, नीतीश कुमार बिहार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना देने के लिए जिम्मेदार हैं...मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए राज्य सरकार के धन का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कल्याणकारी उपायों के बारे में महिलाओं से जुड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए हाल में शुरू की गई महिला संवाद पहल, सरकारी धन का उपयोग कर जद(यू) के चुनाव प्रचार अभियान का हिस्सा है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, मंत्रिमंडल ने इसके लिए 225 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। राज्य सरकार अपने प्रचार के लिए जनता के पैसे का इस्तेमाल कर रही है...राज्य की महिलाओं के लिए जमीनी स्तर पर कुछ भी ठोस काम नहीं हुआ है, लेकिन प्रचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों के लिए वैश्विक निविदाओं को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा। राजद नेता ने कहा, मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2024 से राज्य में निर्माण गतिविधियों के लिए 76,622 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को मंजूरी दी। हैरानी की बात है कि पहली बार सरकार ने इस तरह के काम के लिए वैश्विक निविदाएं जारी की हैं। वैश्विक निविदाएं जारी करने का क्या कारण था? यादव ने दावा किया, इसके अलावा, हमने देखा है कि संपर्क सड़कों के बिना पुलों का निर्माण किया गया है, कई इमारतें बनकर तैयार हैं लेकिन संबंधित विभाग कब्जा नहीं ले रहे हैं, (नए) अस्पताल भवन में उपकरण या डॉक्टर नहीं हैं, हर घर नल का जल योजना पर कई करोड़ रुपए खर्च किए गए लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य सरकार के मंत्रियों को परियोजनाओं के एवज में भारी कमीशन दिया गया। यादव ने आरोप लगाया, मैंने सुना है कि प्रत्येक परियोजना के लिए संबंधित मंत्रियों को कुल राशि का लगभग 30 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है...इसके जरिए राजग सरकार चुनावी खर्च जुटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने राज्य की बढ़ती देनदारियों को लेकर भी बिहार सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, चुनावों के लिए प्रचार पर सरकार द्वारा सार्वजनिक धन का फिजूलखर्ची करना बेहद निंदनीय है...देनदारियां दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। बिहार सरकार अपने ऋणों के ब्याज के रूप में सालाना कम से कम 25,000-30,000 करोड़ रुपए चुका रही है। यादव के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि राज्य के लोग नीतीश कुमार द्वारा बिहार में किए गए विकास कार्यों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। झा ने कहा, वह (यादव) बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। उन्हें पहले जमीन के बदले नौकरी घोटाले में अपने खिलाफ जांच के बारे में बोलना चाहिए।

## बलूचिस्तान में पांच आतंकवादी मारे गए

कराची। पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के डुकी जिले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एक प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन के पांच आतंकवादियों को शनिवार को मार गिराया। क्षेत्र में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला किया था, जिसके बाद पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में बताया कि डुकी के धाबर पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त अभियान के दौरान इस बात की पुष्टि हुई की कि पांचों लोग एक प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन से जुड़े थे। इसमें कहा गया कि ए लोग हाल ही में कोयला खदानों और श्रमिकों पर हुए हमलों में शामिल थे। सीटीडी ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के उस बयान के कुछ दिनों बाद यह कार्वाई की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की प्रगति के रास्ते में आने वाले सभी तत्वों को हटा दिया जाएगा।

## मोटोरोला ने फिर किया तकनीकी का प्रयोग

नई दिल्ली। मोबाइल तकनीकी और नवाचार में वैश्विक लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने भारतीय बाजार में अपने पहले लैपटॉप, मोटो बुक 60 को वैश्विक स्तर पर लॉन्च कर अपनी इकोसिस्टम पेशकश को और मजबूत किया है। यह लॉन्च ब्रांड की इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि उपयोगकर्ताओं को डिवाइसों के बीच सहज कनेक्टिविटी और एक सहज इकोसिस्टम अनुभव प्रदान किया जाए। डिजाइन और नवाचार में नेतृत्व की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, मोटो बुक 60 दो शानदार पैंटोन क्यूरेटेड रंगों - ब्रॉन्ज ग्रीन और वेजवुड में उपलब्ध है। केवल 1.39 किलोग्राम वजन में, मोटो बुक 60 एक बेहद हल्का और पतला लैपटॉप है, जिसमें अंदर जबरदस्त पावर है। इसकी आकर्षक लुक्स इसके ऑल-मेटल बॉडी, वाइब्रेंट कलर्स और मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरबिलिटी के कारण इसे और भी खास बनती है। स्मार्ट कनेक्ट के साथ, मोटो बुक 60 एक सहज और एकीकृत डिजिटल अनुभव का सेंट्रल हब बन जाता है। इसे प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, और स्मार्ट कनेक्ट यजर्स को उनके मोटो बुक 60 को स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य डिवाइसेज से कनेक्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह एक फ्लूइड और कनेक्टेड इकोसिस्टम बनाता है। मोटोरोला इंडिया के प्रबंध निदेशक, टी.एम. नरसिम्हन ने कहा, हम मोटो बुक 60 और मोटो पैड 60 प्रो को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, ये दो क्रांतिकारी उत्पाद हैं जो भारत में मोटोरोलां की यात्रा में एक नया और साहसिक अध्याय जोड़ते हैं।

## इंडकल टेक्नोलॉजीज भारत के बाजार में

यूके। इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर इंक के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। कंपनी ने एक वर्चुअल इवेंट के जरिए सुपर जेड एक्स सीरीज के दो शानदार मॉडल पेश किए हैं। एसर सुपर जेड एक्स और एसर सुपर जेड एक्स प्रो की कीमतें बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और इन्हें प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे देश भर के उपभोक्ताओं तक आधुनिक टेक्नोलॉजी तक आसानी से पहुंचेगी। इंडकल टेक्नोलॉजीज के सीईओ आनंद दुबे ने कहा यह हमारी कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस लॉन्च के साथ हम सबसे बड़े कंज्यूमर प्रोडक्ट के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। एसर इनकॉर्पोरेटेड की ग्लोबल स्ट्रैटेजिक अलायंसेस की वाइस प्रेसिडेंट जेड झोउ ने कहा 1987 में स्थापना के बाद से एसर का मिशन हमेशा लोगों और टेक्नोलॉजी के बीच की बाधाओं को तोड़ना रहा है। हमें खुशी है कि इंडकल टेक्नोलॉजीज भारत में एसर ब्रांड के तहत कई तरह के स्मार्टफोन्स लाकर इस मिशन को आगे बढ़ाएगी। इससे उपभोक्ताओं को भारत के बाजार में अधिक विकल्प मिलेंगे और उनका अनुभव और बेहतर होगा।

## यमन के तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले में 70 से अधिक लोग मारे गए,171 घायल

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले एक अहम तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले में 70 से अधिक लोग मारे गए और 171 अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रास ईसा बंदरगाह पर रात में अमेरिकी हवाई हमले के बाद टैंकर ट्रक जलते हुए मलबे में तब्दील हो गए। यह बंदरगाह ईंधन की आपूर्ति का एक प्रमुख केंद्र है और यही से यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों को ईंधन पहुंचता है। हूती विद्रोहियों ने बताया कि हमले में कम से कम 74 लोग मारे गए और 171 अन्य घायल हो गए। उन्होंने अपने समाचार चैनल पर हमले के बाद की घटनाओं का ग्राफिक फुटेज दिखाया, जिसमें बंदरगाह पर लाशें बिखरी हुई थीं और टैंकर ट्रक टूटे हुए थे। उन्होंने हमले की निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से अनुचित करार दिया। अमेरिकी हवाई हमलों में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना अमेरिका की ओर से विद्रोहियों के खिलाफ हमले तेज किए जाने के संकेत देते हैं। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रमों को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच रोम में बातचीत होनीहै। ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों की ओर से लाल सागर में जहाजों पर हमले किए जाने के बाद अमेरिका ने हूती विद्रोहियों पर हमले शुरू किए थे।



## मस्क इस वर्ष के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक

**वाशिंगटन-न्यूयॉर्क।** टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि वह इस वर्ष के अंत में भारत आने को लेकर उत्सुक हैं। मस्क की यह टिप्पणी उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बातचीत के एक दिन बाद आई है। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की थी। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी से बात करना सम्मान की बात रही। मैं इस वर्ष के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक हूं। मस्क को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है और वह सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती करना और संघीय कार्यबल को कम करना है। शुक्रवार को बातचीत के बाद मोदी ने एक्स पर कहा, एलन मस्क से बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन में हमारी बैठक के दौरान शामिल विषय भी सम्मलित थे।

# पिछले 48 घंटों में गाजा में इजराइली हमलों में 90 से अधिक लोग मारे गए : फलस्तीन



**दीर अल बला ( गाजा पट्टी )।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा में इजराइली हमलों में 90 से अधिक लोग मारे गए हैं। हालांकि, मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने आम नागरिक हैं और कितने लड़ाके हैं। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, मृतकों में कम से कम 15 लोग शामिल हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से कुछ निर्दिष्ट मानवीय क्षेत्र में शरण लिए हुए थे। इजराइल गाजा में हमले बढ़ा रहा है, क्योंकि वह हमास पर अपने बंधकों को रिहा करने और निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। इजराइल ने कहा है कि वह गाजा के अंदर बड़े सुरक्षा क्षेत्रों पर कब्जा करने की साजिश रच रहा है।

# कनाडा के ओंटारियो में गोली लगने से भारतीय छात्रा की मौत

न्यूयॉर्क

**कनाडा में 21 व**र्षीय भारतीय छात्रा की गोलीबारी की एक घटना में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। छात्रा काम पर जाने के लिए बस अड्डे पर खड़ी थी और तभी एक कार सवार द्वारा एक अन्य वाहन पर चलाई गई गोली उसे लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। छात्रा की पहचान हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है जो ओंटारियो के हैमिल्टन में मोहॉक कॉलेज की छात्रा थी। हैमिल्टन पुलिस बुधवार को हुई इस घटना की जांच कर रही है। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ओंटारियो के हैमिल्टन में भारतीय

### ● छात्रा काम पर जाने के लिए बस अड्डे पर खड़ी थी

छात्रा हरसिमरत रंधावा की मौत की घटना से हम अत्यंत दुखी हैं। अधिकारी ने कहा, स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह निर्दोष थी और दो वाहनों में सवार लोगों के बीच गोलीबारी की घटना के दौरान एक गोली लगने से उसकी मौत हो गई। हत्या के इस मामले की जांच जारी है। हम उसके परिजन के निकट संपर्क में हैं और उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। हैमिल्टन पुलिस ने एक बयान में बताया कि स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे उसे हैमिल्टन में अपर जेम्स और साउथ बेंड रोड के पास गोलीबारी की खबर मिली। जब पुलिस वहां पहुंची तो उसे रंधावा घायल अवस्था में मिली जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। बयान के अनुसार, घटनास्थल के वीडियो के जरिए जांचकर्ताओं ने पता लगाया कि एक काली कार में सवार यात्री ने एक सफेद कार में बैठे लोगों पर गोली चलाई। इसमें बताया कि दोनों वाहन घटनास्थल से फरार हो गए। गोलीबारी की इस घटना के दौरान पास के एक मकान की खिड़की में गोलियां लगी जहां रहने वाले लोग कुछ ही फुट की दूरी पर बैठकर टेलीविजन देख रहे थे।

## चीन में आयोजित की गई दुनिया की पहली रोबोट हाफ मैराथन

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को दुनिया की पहली ऐसी मैराथन आयोजित की जिसमें मानव धावकों के साथ मानव रोबोट भी शामिल हुए। यह दौड़ रोबोटिक्स में अमेरिका के साथ बीजिंग की बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों में प्रगति को प्रदर्शित करती है। शीर्ष विश्वविद्यालयों और कंपनियों के अपने तकनीकी संचालकों के साथ इक्कीस मानवरूपी रोबोटों ने बीजिंग के आर्थिक-तकनीकी विकास क्षेत्र में 21 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। मनुष्यों के साथ दौड़ते हुए विभिन्न आकार और आकृति वाले रोबोट कौतुहल पैदा कर रहे थे और उन्हें देखन के लिए फुटपाथ पर भारी संख्या में लोग जमा थे। मैराथन में हिस्सा ले रहे रोबोट को एक मीटर से अधिक अंतराल पर क्रमिक रूप से प्रक्षेपित किया गया, तथा उन्हें समर्पित ट्रैक तक सीमित रखे गए, जहां बैटरी स्वैप फॉर्मूला-। के पिट स्टॉप्स की तरह था। अंत में, न केवल गति के लिए बल्कि सर्वश्रेष्ठ सहनशक्ति, सर्वश्रेष्ठ चाल डिजाइन और सर्वाधिक नवीन फॉर्म जैसी श्रेणियों के लिए भी पुरस्कार वितरित किए गए - जिसमें एथलेटिक प्रदर्शन और इंजीनियरिंग क्षमता दोनों का सम्मान किया गया।एजेंसी ने एक वीडियो फुटेज भी जारी किया है, जिसमें कई रोबोट प्रतियोगियों के साथ दौड़ रहे हैं, इनमें से एक रोबोट काली धूप वाले चश्मे और सफेद दस्ताने पहने दिख रहा है। हालांकि, सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिख रहा कि यह एक सहज दौड़ नहीं थी क्योंकि कुछ रोबोट को शुरुआत में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और यहां तक कि आपस में भीड़ गए। प्रतिस्पर्धा कर रही 20 टीमों में से, तियांगोंग टीम के तियांगोंग अल्ट्रा ने दो घंटे 40 मिनट के समय के साथ रोबोट मैराथन पूरी कर जीत दर्ज।

## पाकिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र के पास 94 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप पूर्वाह्न 11:47 बजे दर्ज किया गया। इस्लामाबाद, लाहौर, पेशावर, रावलपिंडी और खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न हिस्सों समेत पाकिस्तान के एक बड़े क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। खैबर पख्तूनख्वा के निचले दीर, बाजौर, मलकंद, नौशेरा, दीर बाला, शबकदर और मोहमंद क्षेत्रों में भूकंप के सबसे शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिससे निवासियों में व्यापक दहशत फैल गई। अभी तक कहीं से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। पिछले शनिवार को पाकिस्तान की राजधानी और खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के कुछ हिस्सों में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद यह एक सप्ताह में दूसरा भूकंप था। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं।

# रॉबर्ट एफ कैनेडी की हत्या से जुड़े 10 हजार पृष्ठ के दस्तावेज जारी किए गए

वाशिंगटन

**सांसद रॉबर्ट** एफ. कैनेडी की 1968 में हत्या किए जाने से संबंधित 10 हजार पृष्ठ के दस्तावेज शुक्रवार को जारी किए गए, जिसमें हमलावर का हाथ से लिखा एक नोट भी शामिल है। इस नोट में हमलावर ने लिखा था कि डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार कैनेडी को मार दिया जाना चाहिए। साथ ही हमलावर ने उनकी हत्या करने का जुनून सवार होने की बात भी स्वीकार की थी। इनमें से कई फाइल पहले सार्वजनिक की जा चुकी थीं, लेकिन अन्य का डिजिटलीकरण नहीं किया गया था और वे दशकों तक संघीय सरकार के स्टोरेज केंद्रों में रखी रही थीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मामले की जांच से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने का आदेश दिया था, जिसके तहत ए फाइल रिलीज की जा रही हैं। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए कैलिफोर्निया में हुए प्राइमरी



चुनाव में मिली जीत के बाद पांच जून 1968 को विजई भाषण देने के कुछ समय पश्चात लॉस एंजिलिस में एंबेसडर होटल में कैनेडी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर सरहान सरहान को हत्या का दोषी पाया गया। इन फाइलों में सरहान के हाथ से लिखे नोट की तस्वीर भी शामिल है। नोट में तत्कालीन राष्ट्रपति और रॉबर्ट के बड़े भाई जॉन एफ. कैनेडी का जिक्र करते हुए लिखा है, आरकेएफ को भी उसके बड़े भाई की तरह खत्म कर देना चाहिए। जॉन एफ. कैनेडी की 1963 में हत्या कर दी गई थी। इस नोट में लॉस एंजिलिस में आंतरिक राजस्व सेवा के जिला निदेशक का पता लिखा हुआ था। सरहान ने पासाडेना सिटी कॉलेज की नोटबुक के एक पेज पर भी लिखा था, आर.एफ.के. को मर जाना चाहिए और आर.एफ.के. को मार दिया जाना चाहिए। अठारह मई, 1968 को लिखे एक नोट में सरहान ने लिखा, आर.एफ.के. को खत्म करने का मेरा दृढ़ संकल्प एक जुनून बनता जा रहा है। फाइलों के अनुसार, सरहान ने अपने यहां कचरा उठाने के लिए आने वाले व्यक्ति से कहा था कि उसने चार अप्रैल, 1968 को मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या के तुरंत बाद कैनेडी को मारने की योजना बनाई थी। इसपर सफाई करने वाले अश्वेत व्यक्ति ने कहा कि उसने कैनेडी को वोट देने की योजना बनाई है क्योंकि वह अश्वेत लोगों की मदद करेंगे।

## कांगो में नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 148 हुई

किंशासा

**कांगो में** इस सप्ताह के शुरुआत में हुई नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 50 से बढ़कर 148 हो गई है तथा 100 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी कांगो में आग लगने के बाद नाव पलट गई, जिससे कम से कम 148 लोग मारे गए और सैकड़ों लापता हो गए। कांगो नदी में हुए हादसे के बाद दर्जनों लोगों को बचा लिया गया हालांकि इनमें से कई बुरी तरह जल गए। रेड क्रॉस और प्रांतीय अधिकारियों की मदद से बचाव दलों ने बुधवार को लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी। नदी आयुक्त कॉम्पेटेंट लोयोको ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मोटर चालित लकड़ी की नाव में मबंडाका शहर के पास आग लग गई। इसमें लगभग 400 यात्री सवार थे। एचबी कोंगोलो नामक नाव मटनकुमु बंदरगाह से बोलोम्बा क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी।

# कचरे में पड़ी थी छोटी बच्ची, दिशा पाटनी की बहन का पिघला दिल, अब वीडियो देख फैन्स ने बताया असली सुपरहीरो



भारतीय सेना में पूर्व लेफ्टिनेंट और अभिनेत्री दिशा पटानी की बड़ी बहन खुशबू पटानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में खुशबू पटानी धूल में पड़ी एक मासूम बच्ची को बचाते नजर आ रही हैं। यहां हाल ही में खुशबू को एक लावारिश बच्ची धूल में पड़ी मिली थी। जिसके बाद खुशबू ने उसे तुरंत रेस्क्यू किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है और लोग उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक दिल को छू लेने वाले वीडियो में दिखाए गए साहस और करुणा के लिए खुशबू को सोशल मीडिया पर खूब तारीफें मिल रही हैं। रविवार की सुबह खुशबू ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने उस पल को कैद किया जब उन्होंने एक टूटी हुई झुग्गी में अकेली बच्ची को देखा। बच्ची, जो परेशान थी, रोने लगी, जब खुशबू ने उसे धीरे से उठाया और उसे दिलासा देने वाले शब्दों के साथ गोद में लिया। 'चिंता मत करो, बेटा। अब तुम ठीक हो।'

वीडियो के अंत में खुशबू सीधे कैमरे से बात करती है और कहती हैं, 'अगर आप बरेली से हैं और यह आपकी बच्ची है, तो हमें बताएं कि माता-पिता ने उसे यहां कैसे छोड़ दिया। ऐसे माता-पिता पर शर्म आती है।'खुशबू ने दर्शकों से लडकी की पहचान करने और उसे न्याय और देखभाल सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए खुशबू ने लिखा, 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोई। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी उसका ख्याल रखेंगे। कृपया हमारे देश में लड़कियों को बचाएं! कब तक चलेगा ये सब? मैं सुनिश्चित करूंगी कि उसे एक सुरक्षित और प्यार भरा भविष्य मिले।'खुशबू ने कार्रवाई की अपील में बरेली पुलिस, यूपी पुलिस और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग किया।

खुशबू के इस वीडियो को फैन्स ने खूब पसंद किया और वायरल भी रहा। साथ ही फैन्स ने इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए खुशबू को रियल लाइफ सुपरहीरो भी बताया है। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने कमेंट में लिखा, 'भगवान उसे और आपको आशीर्वाद दें।'एक अन्य उपयोगकर्ता ने लिखा, 'एक बार सैनिक, हमेशा ड्यूटी पर। आपको सलाम, मैडम।'33 साल की उम्र में खुशबू ने वर्दी में देश की सेवा करने से लेकर काम और सहानुभूति के जरिए देश को प्रेरित करने तक का सफर सहजता से तय किया है। अब एक फिटनेस कोच और बिजनेस सलाहकार के तौर पर उनके इंस्टाग्राम पर लगभग एक मिलियन फॉलोअर हैं।

# उर्वशी रौतेला ने इन 5 मौकों पर खुद बनवाया अपना मजाक, हंसते-हंसते लोटपोट हुए लोग...



उर्वशी रौतेला इन दिनों अपने नाम का मंदिर होने वाले बयान को लेकर जमकर ट्रोल हो रही हैं. इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने वायरल स्टेटमेंट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोगों ने उनके बयान को गलत तरीके से लिया है. हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब उर्वशी अपने बयानों को लेकर ट्रोल हो रही हैं. हम आपको एक्ट्रेस के पांच वायरल स्टेटमेंट और कंट्रोवर्सी के बारे में बता रहे हैं.

उर्वशी रौतेला ने हाल ही में सिद्धार्थ कानन को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर के पास एक मंदिर है जो उनके नाम पर है. उनके इस बयान का लोग जमकर मजाक बना रहे हैं. हालांकि एक्ट्रेस की टीम ने सफाई में कहा कि उर्वशी ने सिर्फ ये कहा था कि मंदिर उनके नाम पर है, ये नहीं कहा था कि ये मंदिर उन्हें डेडीकेटेड है. 'डाकू महाराज' के प्रमोशन के दौरान उर्वशी रौतेला से एक इंटरव्यू में सैफ अली खान पर हुए चाकू से हमले के बारे में पूछा गया था. हालांकि एक्ट्रेस इस सवाल का जवाब ना देकर अपनी डायमंड रिंग और लक्जरी गिफ्ट्स शो ऑफ करने लगी थीं. ऐसे में सोशल मीडिया पर नेटिजन्स ने उन्हें खूब ट्रोल किया था.

फिल्म 'डाकू महाराज' में एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण के साथ उर्वशी रौतेला ने एक आइटम सॉन्ग 'दबिड़ी दबिड़ी' किया था. इस गाने में दोनों कलाकारों के एज गैप और उनके डांस मूव्स पर लोगों ने सवाल उठाए थे. नेटिजन्स ने उर्वशी के डांस मूव्स को 'अश्लील' बताया था.



# 'शादी कंफर्म...' अफेयर की चर्चा के बीच कथित ब्वॉयफ्रेंड संग तिरुपति दर्शन करने पहुंचीं सामंथा रुथ प्रभ

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु कभी अपनी पर्सनल लाइफ तो कभी अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस बहुत जल्द अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म लेकर आ रही हैं जिसके लिए वो मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंची। सामंथा रूथ प्रभु को शनिवार को तिरुपति बालाजी मंदिर में माथा टेकते हुए देखा गया। ऐक्ट्रेस अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म शुभम की रिलीज के लिए आशीर्वाद लेने पहुंची थी। यह फिल्म 9 मई, 2025 को बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दौरान उनके साथ फिल्म की टीम भी थी। वहीं एक शख्स जिसने सभी का ध्यान खींचा वो थे उनके कथित ब्वॉयफ्रेंड और निर्देशक राज निदिमोरू। राज निदिमोरू ने सिटाडेलः हनी बनी का निर्देशन किया था। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग सोच रहे हैं कि क्या दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं।

सामंथा और राज के डेटिंग की अफवाहें पिछले साल से ही चल रही हैं। हालांकि दोनों ने न तो डेटिंग की अफवाहों का खंडन किया है और न ही पुष्टि की है, लेकिन उन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। अभिनेत्री और निर्देशक ने द फैमिली मैन सीजन 2 और सिटाडेल हनी बनी में साथ काम किया है। सामंथा की इससे पहले शादी नागा चैतन्य से हुई थी। साल 2021 में उनका तलाक हो गया था। इस बीच, राज ने श्यामाली डे से शादी की है।

हालांकि उनके तलाक या अलगाव की कोई खबर नहीं आई है। साल 2022 में, श्यामाली ने अपनी शादी की एक तस्वीर साझा की थी और फिल्म निर्माता को हैप्पी एनिवर्सरी की शुभकामनाएं दीं थी। लेकिन, फरवरी 2023 के बाद से उन्होंने इंस्टाग्राम पर साथ में कोई भी तस्वीर शेयर नहीं की है। वहीं काफी समय से ऐसी खबरें आई कि अमेजन प्राइम वीडियो ने सिटाडेल हनी बनी के दूसरे सीजन को बंद कर दिया है। अब हम सामंथा और वरुण को हनी और बनी के रूप में फिर से नहीं देख पाएंगे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com